मुख्य विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर की अध्यक्षता में दिनांक 21.12.2022 को जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक निर्माण तथा पानी कनेक्शन के सत्यापन की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।

उपस्थिति

1— जिला विकास अधिकारी
2— अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण
3— जिला ग्रामोद्योग अधिकारी
4— सहायक निदेशक, रेशम
5— सहायक आयुक्त, सहकारिता
6— कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य
7— जिला कृषि रक्षा अधिकारी
8— अधीक्षक राजकीय उद्यान
9— खण्ड विकास अधिकारी, पाली, ब्रम्हपुर, बेलघाट, पिपराईच, खजनी, गोला, खोराबार, जंगल कौड़िया, उरूवा, कैम्पियरगंज, बांसगांव, व पिपरौली।
10— श्री सरोज जेना, डी0जी0एम0, एन0सी0सी0
11— श्री प्रसाद, तकनीकी अधिकारी, एन0सी0सी0
12— प्रोजेक्ट मैनेजर, ऋत्विक कोया
13— टीम लीडर मेधज व अन्य
14— जिला कोआर्डिनेटर डी0पी0एम0यू0, व अन्य स्टाफ
15— समस्त अवर अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण

दिनांक 21—12—2022 को पूर्वान्ह 11.00 बजें से बैठक आहुत किया गया। बैठक मे उपरोक्त समस्त अधिकारी उपस्थित रहें। जनपद गोरखपुर में मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, हैदराबाद फर्म एवं जल निगम ग्रामीण द्वारा जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत, पेयजल परियोजनाओ (ओवर हैड टैंक आदि निर्माण) का सत्यापन कराया जा रहा है, जिला कृषि रक्षा अधिकारी गोरखपुर द्वारा विकास खण्ड पाली के ग्राम पंचायत घघसरा, कोड़री खास, मकरहट, माधोपुर, बदरीखास का निरीक्षण किया गया, ग्राम पंचायत में कोई कार्य होना नही पाया गया। बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण एवं मेसर्स एन0सी0सी0 से उक्त ग्राम पंचायतो में कार्य नही होने के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण की मॉग की गयी।

खण्ड विकास अधिकारी कौड़ीराम, बेलघाट व सहजनवॉं को बैठक में देर से आने के लिये नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। खण्ड विकास अधिकारी भटहट व चरगॉवा समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहे इनका एक दिन का वेतन बाधित करने के निर्देश दिये गये। खण्ड विकास अधिकारी गगहा अवकाश पर थे, परन्तु इनके द्वारा किसी प्रतिनिधि को समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित नही किया गया था, इस सम्बन्ध में सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0)**

जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन द्वारा विकास खण्ड कौड़ीराम के ग्राम पंचायत बभनौली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षणस्थल पर पाया गया कि ओवर हेड टैंक निर्माण में सोयम स्तर का ईट प्रयोग किया जा रहा है। जिस पर काफी नाराजगी व्यक्त

करते हुये मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 से स्पष्टीकरण मॉगी गयी व निर्देशित किया गया कि ऐसे स्थल पर जहॉ सोयम स्तर का ईट प्रयोग किया जा रहा है वहॉ अव्वल ईट का प्रयोग कराना सुनिश्चित करे तथा उसका फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0)**

सहायक निदेशक, रेशम, को ओवर हेड टैंक के निर्माण के सत्यापन हेतु विकास खण्ड गोला एवं उरूवा का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। परन्तु इनके साथ सम्बद्व अवर अभियन्ता श्री मिथलेश कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि किसी भी ग्राम पंचायत मे सत्यापन नही किया गया है। समीक्षा बैठक में सहायक निदेशक रेशम अनुपस्थित रहें।

निर्देशित किया गया कि सहायक निदेशक, रेशम द्वारा ओवर हेड टैंक निर्माण का सत्यापन नही करने तथा बैठक में अनुपस्थित रहने के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण उपलब्ध कराये।

**(कार्यवाही–जिला विकास अधिकारी/सहायक निदेशक रेशम)**

समीक्षा बैठक में उपस्थित जनपदस्तरीय अधिकारियो द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायतवार हाउस कनेक्शन की सूची उपलब्ध नही होने के कारण सत्यापन का कार्य नही हो पा रहा है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त के सम्बन्ध में मेसर्स एन0सी0सी0 एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि जितने भी ग्राम पंचायत में पानी का कनेक्शन दिया गया है लाभार्थीवार सूची तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0)**

मेसर्स नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड एवं मेसर्स ऋत्विक कोया द्वारा अवगत कराया गया है कि 121 ग्राम पंचायतो में पाईप पेयजल परियोजनाओ के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध न होने कारण ओवर हेड टैंक आदि का निर्माण नही हो रहा है। मेसर्स ऋत्विक कोया को आवंटित 39 ग्राम पचांयत मे सम्बन्धित लेखपाल द्वारा लिखित मे जमीन न उपलब्ध होने की सूचना दी गयी है। उक्त कम्पनी द्वारा 121 ग्राम पंचायतो में ओवर हेड टैंक निर्माण हेतु भूमि आंवटन की मॉग की गयी है।

निर्देशित किया गया कि मुख्य राजस्व अधिकारी एवं समस्त उपजिलाधिकारी को ग्राम पंचायतो की सूची उपलब्ध कराते हुये भूमि आवंटन के लिये पत्र निर्गत किये जाय।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/जिला विकास अधिकारी)**

मेसर्स नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड ने समीक्षा के दौरान अवगत कराया है कि 46 ग्राम पचायतो में ओवर हेड टैंक निर्माण हेतु चयनित स्थलो पर वृक्ष होने के कारण, कार्य प्रारम्भ नही हो पा रहा है। मेसर्स नागार्जुन कन्सटर्क्सन कम्पनी लिमिटेड ने जल जीवन मिशन के तहत ओवर हेड टैंक के निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने के लिए आंवटित भूमि से पेड़ो को काटने का अनुरोध किया गया है।

निर्देशित किया गया कि प्रभागीय वनाधिकारी वनप्रभाग, गोरखपुर से समन्वय स्थापित कर चयनित स्थलो से पेड़ कटान हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/प्रभागीय वनाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी)**

मेसर्स एन0सी0सी0लि0 द्वारा उपलब्ध करायी गयी हाउस कनेक्शन की संख्या गलत है। उपलब्ध करायी गयी संख्या के अनुसार हाउस कनेक्शन का कार्य नही किया गया है। गलत कनेक्शन की संख्या उपलब्ध कराने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

उक्त के अतिरिक्त निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायतो में ओवर हेड टैंक निर्माण कार्य को निर्धारित अवधि मे पूर्ण कर ग्राम पंचायत में पानी की आपूर्ति कराया जाय, जिस ग्राम पचायत में लिकेज के कारण पानी की आपूर्ति नही हो रही है वहॉ लिकेज को तीन दिन में ठीक कराकर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय। सभी खण्ड विकास अधिकारी, नोडल अधिकारी, अवर अभियन्ता जल निगम अपनी सुविधानुसार ग्राम पंचायतो में हो रहे निर्मित/निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक का सत्यापन, पानी कनेक्शन का सत्यापन, ग्राम पंचायतो में पानी की आपूर्ति का सत्यापन करे तथा किसी भी प्रकार की समस्या है तो अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण को अवगत करायें।

बैठक में उपस्थित समस्त अवर अभियन्ता तथा जनपदस्तरीय अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि परियोजनाओ का सत्यापन एक साथ करना सुनिश्चित करें।

Sanjay 23/12/22
मुख्य विकास अधिकारी
गोरखपुर

पत्रांक 5566 /तद्दिनाकित। 23-12-22

<u>प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–</u>

1– जिलाधिकारी, गोरखपुर।
2– जिला विकास अधिकारी, गोरखपुर।
3– समस्त नामित नोडल अधकारी जनपद गोरखपुर को उक्तानुसार सूचनार्थ प्रेषित।
4– अधिशासी अभियन्ता, दशम खण्ड, जल निगम, ग्रामीण गोरखपुर।
5– मेसर्स एन0सी0सी0लि0/मेसर्स ऋत्विक कोया, जनपद गोरखपुर।
6– मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0 लि0 जनपद गोरखपुर।
7– जिला कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0 जनपद गोरखपुर।

Sanjay 23/12/22
मुख्य विकास अधिकारी
गोरखपुर